**Need to establish a Railway Container Terminal in Balaghat district, Madhya Pradesh.-laid**

श्रीमती भारती पारधी **(**बालाघाट**) :** मैं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की एक अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ । ?धान की कटोरी? कहे जाने वाले बालाघाट से बड़ी मात्रा में पेरबॉइल्ड राइस गल्फ और पश्चिम अफ्रीकी देशों को निर्यात होता है । परंतु 100 किलोमीटर के दायरे में कोई कंटेनर टर्मिनल न होने के कारण, पूरा कंटेनर ट्रैफिक नागपुर के इनलैंड कंटेनर डिपो तक ट्रेलरों द्वारा भेजा जाता है, जिससे परिवहन लागत अत्यधिक बढ़ जाती है । बालाघाट में रेलवे की पर्याप्त खाली ज़मीन उपलब्ध है, जहां कंटेनर टर्मिनल विकसित किया जा सकता है । यदि यह सुविधा बालाघाट में स्थापित की जाती है, तो बालाघाट सहित गोंदिया, सिवनी, मंडला और तुमसर जैसे जिलों का कंटेनर ट्रैफिक भी यहीं केंद्रित हो सकेगा । इससे लॉजिस्टिक लागत घटेगी, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे । अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि SECR के नागपुर मंडल के अंतर्गत बालाघाट में एक समर्पित कंटेनर टर्मिनल की स्थापना हेतु शीघ्र निर्णय लिया जाए ।